ग्राम पंचायत गरोला, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
अवधि 04/2022 से 03/2024
भाग-एक

1 **प्रस्तावना**

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक 07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत गरोला, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पंचायत गरोला में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव कार्यरत रहे :-

प्रधान

क्रम संख्या	पदाधिकारी का नाम	अवधि
1.	श्री अजय सिंह	01-04-2022 से 31-03-2024

सचिव

क्रम संख्या	सचिव का नाम	अवधि
1.	श्री प्रदीप कुमार	01-04-2022 से 23-08-2022 तक
2.	श्री राकेश कुमार	24-08-2022 से 31-03-2024 तक

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-

ग्राम पंचायत गरोला, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

क्र० स०	गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार	पैरा संख्या	राशि (₹ लाखों में)
01.	15वें वित्तायोग की ई-ग्राम स्वराज में संधारित रोकड़ बही में व्यय वाउचरों का अनियमित समायोजन करने बारे।	5.2	2.13

02.	आपूर्तिकर्ताओं से बिना W, X फॉर्म प्राप्त किये अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर राजस्व की वित्तीय हानि।	8.2	12.76 0.56
03.	प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) की सम्भावित वित्तीय हानि।	8.3	0.61
04.	ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे।	8.4	0.03
05.	15वें वित्तायोग से बर्तन इत्यादि के क्रय पर अनियमित व्यय।	9.2	0.26
06.	निर्माण कार्य के दौरान शेष बची सामग्री का सम्भावित दुरूपयोग करने बारे।	9.3	1.10
07.	निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं में गलत गणना व अन्य अनियमितताओं के कारण अधिक भुगतान बारे।	9.4	0.03
08.	क्रय स्टोर/स्टॉक का इन्द्राज स्टॉक रजिस्टर में न करना एवं संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही अनियमित भुगतान।	9.8 9.9	4.57 2.42
09	प्राप्त अनुदानों का उपयोग न करना	6.1	65.57
10	पंचायत राजस्व वसूली हेतु शेष	7.2	0.06

(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गरोला का अंकेक्षण, अवधि 04/2018 से 03/2019 तक किया गया था जिसमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/02 दिनांक 23-08-2024 एवं बार-बार मौखिक आग्रह उपरान्त कोई भी उत्तर पंचायत द्वारा अंकेक्षण समाप्ति तक नहीं दिया गया। जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है। गत अंकेक्षण पैरों पर कोई भी कार्रवाई न करना न केवल नियमों के प्रतिकूल है, अपितु इससे अंकेक्षण का प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन में शामिल पैरों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये। वर्तमान अंकेक्षण उपरान्त अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

1. अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2018 से 03/2019 तक

क्रम संख्या	पैरा संख्या	पैरा स्थिति	टिप्पणी
1.	3	अनिर्णीत	-
2.	4 (क,ख)	निर्णीत	वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित।
3.	4.1 व 4.2	अनिर्णीत	-
4.	5	निर्णीत	वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित।
5.	6	अनिर्णीत	-
6.	7	अनिर्णीत	-
7.	8	अनिर्णीत	-
8.	8.1	अनिर्णीत	-
9.	9	अनिर्णीत	-
10.	10	अनिर्णीत	-
11.	11	अनिर्णीत	-
11.	12	अनिर्णीत	-
12.	13	अनिर्णीत	-
13.	14	निर्णीत	वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित।
14.	15	अनिर्णीत	-

भाग- दो

2 वर्तमान अंकेक्षण :-

ग्राम पंचायत गरोला, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 23-08-2024 से 31-08-2024 तक ग्राम पंचायत गरोला के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

क्रम संख्या	वित्तीय वर्ष	आय चयनित माह	व्यय चयनित माह
1.	2022-2023	10/2022	07/2022
2.	2023-2024	11/2023	12/2023

अस्वीकरण:- वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत गरोला, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹4800/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/13 दिनांक 31-08-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत गरोला द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

(अ) स्व:-स्त्रोत व अनुदान: ग्राम पंचायत गरोला के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्व:-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है:

1. स्व:-स्त्रोत

वित्तीय वर्ष	अथ शेष (₹)	प्राप्ति (₹)	योग (₹)	व्यय (₹)	अंतिम शेष (₹)
2022-23	1031249.00	684439.00	1715688.00	1229083.00	486605.00
2023-24	486605.00	1010738.00	1497343.00	969585.00	527758.00

2. अनुदान

वित्तीय वर्ष	अथ शेष (₹)	प्राप्ति (₹)	योग (₹)	व्यय (₹)	अंतिम शेष(₹)
2022-23	4242070.00	4324216.00	8566286.00	3316379.00	5249907.00
2023-24	5249907.00	7207960.00	12457867.00	5900598.80	6557268.20

कुल योग (1+2) **₹527758.00 + ₹6557268.20 = ₹7085026.20**

(ब) ग्राम पंचायत गरोला, का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण

क्र० सं०	अनुदान का नाम	खाता संख्या	बैंक का नाम	राशि (₹) 31-03-2024
1.	15th FC	50100355681301	HDFC Bharmour	4172457.00
2.	14th FC	50100314673903	HDFC Bharmour	74.00
3.	PMAAY(G)	99171100000252	HPGB Garola	2214146.20
4.	PMKSY/WDC	18410106452	HPSCB Garola	2417.00
5.	General	99171301701389	HPGB Garola	282582.00
6.	SF/5th SFC/ LADF /MPLAD	18410100466	HPSCB Garola	193967.00
			Cash In hand	626.00
			TOTAL	**₹6866269.20**

अन्तर (अ-ब) ₹7085026.20 - ₹6866269.20 = ₹218757.00

5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹2.19 लाख का अन्तर :-

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत गरोला, द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹218757 का अन्तर बैंक पासबुक में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 29-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की

जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

5.2 15वें वित्तायोग की ई-ग्राम स्वराज में संधारित रोकड़ बही में राशि ₹2.13 लाख के व्यय वाउचरों का अनियमित समायोजन करने बारे :-

ग्राम पंचायत गरोला की ऑनलाइन संधारित रोकड़ बही के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा दिनांक 29-02-2024 को वाउचर संख्या 58 के द्वारा रोकड़ बही के व्यय पक्ष में राशि ₹213062 के समायोजित वाउचर दर्ज किये गए थे परन्तु इनसे सम्बन्धित कोई भी अभिलेख एवं समर्थित बिल/वाउचर इत्यादि अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये। अत: उक्त प्रविष्ट राशि से सम्बन्धित वाउचर किस समय के हैं, किस स्टॉक/स्टोर के हैं, उनका विवरण इत्यादि उपलब्ध किये बिना ही समायोजन वाउचरों को दर्ज करना संदिग्ध प्रतीत होता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 06 दिनांक 28-08-2024 को उक्त प्रकरण सचिव के समक्ष रखा गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है उक्त वित्तायोग में प्रविष्ट राशि बिना अभिलेखों के अभाव में अनियमित व संदिग्ध प्रतीत होती है। अत: उक्त प्रविष्ट/दर्ज राशि से सम्बन्धित वांछित अभिलेखों को शीघ्र ही अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ प्रेषित करें अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹65.57 लाख का अवरोधन :-

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹6557268.20 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बन्धित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 29-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.48 लाख की वसूली न करने बारे :-

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत गरोला के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चूककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न ₹47980 की राशि वसूली हेतु शेष थी।

वित्तीय-वर्ष	गत शेष (₹)	कुल परिवार (₹)	दर	वर्ष के दौरान मांग (₹)	कुल मांग (₹)	कुल प्राप्त राशि (₹)	बकाया राशि (₹)
2022-23	20780	680	20	13600	34380	0	34380
2023-24	34380	680	20	13600	47980	0	47980

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 30-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई राशि ₹5950 को सरकारी राजकोष में जमा न करने बारे :-

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्नविवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹5950/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया था जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

वित्तीय वर्ष	**कुल पंजीकृत विवाह**	**APL Rate**		**राशि**	**Rate BPL**		**राशि**	**कुल राशि सामान्य व BPL**
		Without Late Fee	**With Late Fee**		**Without Late Fee**	**With Late Fee**		
2022-23	17	08@200	04@400	3200	02@25	03@50	200	3400
2023-24	13	08@200	02@400	2400	-	03@50	150	2550
कुल योग	**30**	**16@200**	**06@400**	**5600**	**02@25**	**06@50**	**350**	**5950**

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-12 दिनांक 30-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा।

अत: उपरोक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

8.1 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना :-

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की

दैनिक कार्रवाई जैसे कि, पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत गरोला के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। लेकिन पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा है जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 30-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। अत: मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये।

8.2 आपूर्तिकर्ताओं को बिना W, X फॉर्म के राशि ₹12.76 लाख का अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर पर ₹0.56 लाख के राजस्व की हानि :-

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची अनुसार रॉयल्टी का भुगतान पेनल्टी सहित किया जाना अपेक्षित है।

परन्तु ग्राम पंचायत गरोला, के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से अन्नापति प्रमाण पत्र/W,X-फॉर्म लिए बिना ही रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति ली गई है। जिसके परिणामस्वरूप बिना W,X-फॉर्म लिए बिना जहाँ आपूर्तिकर्ताओं को राशि ₹1276201 का अनियमित भुगतान किया गया वही पर उक्त राशि पर सरकार को राशि ₹55776/- (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) की रॉयल्टी की वित्तीय हानि भी हुई है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 28-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, नियमों की जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी की न तो कटौती की गई और न ही W,X फॉर्म लिए गए लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि उक्त फॉर्म उपरान्त ही क्रय किया जाना अपेक्षित था।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का रिसाव हो रहा है अपितु इससे अवैध खनन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता । यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाया जाता है । अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें ।

8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹0.61 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे :-

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है ।

ग्राम पंचायत गरोला के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद की गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹1276201/- भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है ।) किया गया था परन्तु उक्त क्रय सामग्री के अधिकतर आपूर्तिकर्ता GST पंजीकृत नहीं है । फर्मों द्वारा पंचायत को प्रस्तुत बिल प्रॉपर/टैक्स बिल/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल सादे कागज,रसीद, कैश मैमो व परफोर्मा बिल ही हैं जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी । यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर/टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹60771.48 की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है ।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 28-08-2024 द्वारा सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित कि, उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत को केवल सादे कागज, रसीद, कैश मैमों व कुच्छ परफोर्मा बिल ही प्रस्तुत किया गए हैं यद्यपि पंचायत द्वारा इन बिलों पर भुगतान GST सहित किया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा ।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमाविरुद्ध किये गए भुगतानों पर

देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि; ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार से कर अदेयता के मामलों की संभावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

8.4 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹3262 की वित्तीय हानि बारे :-

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(C) के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबद्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत गरोला के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार राशि ₹163118/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जोकि न केवल आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना है अपितु इसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व में राशि ₹3262.36/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 28-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, टी.डी.एस.के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली ब्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

8.5 ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करना :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का

निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की चयनित माहों की लेखा परीक्षा के दौरान निम्नविवरणानुसार राशि ₹1048232 के करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन, व प्रपत्र-34 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

क्रम संख्या/अनुदान	**कार्य विवरण**	**स्वीकृत राशि (₹)**	**टिप्पणी**
1.15th FC	कार्य: सडक निर्माण सुरेश के घर से बणी पनिहार तक	198562	Estimate Work Order and Technical sanction order, Form 13C in Format-34.etc
2.15th FC	कार्य: पक्की गली विध ग्रिल आश्रम से नाला	199670	
3.15THFC	कार्य : सडक निर्माण राहला मोड़ से पनिहार	150000	do
4.15th FC	कार्य :पनिहार निर्माण द्रोवी गुवाड़	200000	do
5.LADF	कार्य: इन्टरलॉक टाइल्स पंचायत घर	300000	do
	कुल योग	**1048232**	

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 28-08-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

9.1 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹4.57 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की

औपचारिकतायें यथा निविदायें, कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत गरोला द्वारा राशि ₹456948/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनांक 28-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

9.2 15वें वित्तायोग से राशि ₹0.26 लाख का बर्तन इत्यादि के क्रय पर अनियमित व्यय :-

सचिव व निदेशक पंचायती राज विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या PCH-HC(10)1/2018-15th FC-75344-439 दिनांक 02 सितम्बर 2021 के अंतर्गत 15वें वित्तायोग के तहत अनटाईड ग्रांट के अंतर्गत निहित **परिशिष्ट I व II** में उक्त अनुदान के अंतर्गत स्वीकार्य सांकेतिक मदों/कार्यों की सूची में ही व्यय किया जाना अपेक्षित था।

ग्राम पंचायत गरोला के व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा उक्त अनुदान से वाउचर संख्या 06 दिनांक 11-06-2022 को मैं० जैशी राम गंगथ, कांगड़ा से राशि **₹**26174 के खाना बनाने व खाने हेतु इस्तेमाल किये जाने वाले बर्तन इत्यादि का क्रय किया गया जोकि उक्त नियम/आदेश के तहत जारी स्वीकार्य सांकेतिक मदों/कार्यों की सूची में निहित न होने के कारण प्रतिकूल प्रतीत होता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 28-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसका कोई भी उत्तर सचिव द्वारा अंकेक्षण समाप्ति तक नहीं दिया गया। जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः उक्त वित्तायोग से बर्तन इत्यादि पर किये गये क्रय को वित्तायोग के दिशा-निर्देशों अनुसार न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उक्त व्यय की वसूली करके उक्त अनुदान में जमा करवाई जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

9.3 ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण क्रय के दौरान बची हुई शेष सामग्री लागत राशि ₹1.10 लाख का सम्भावित दुरूपयोग :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार** सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है ,उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा।

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नविवरणानुसार (व **परिशिष्ट "8")** सीमेंट, बजरी, रेत व पत्थर इत्यादि का क्रय किया गया एवं माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में उक्त सामग्रियों की खपत व उपयुक्त सामग्री में से शेष बची सामग्री जिसकी लागत राशि ₹110403 थी, उसका न तो स्टॉक में बकाया शेष दर्शाया गया और न ही इसकी आगे कोई खपत दिखाई गई। इसके अतिरिक्त मापन पुस्तिका को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित भी नहीं किया गया था जो अनुचित व संदिग्ध प्रतीत होता है।

(क) निर्माण कार्यों के दौरान सीमेंट के शेष 82 बैग (राशि ₹37360) का सम्भावित दुरूपयोग।

1. Work: Pucca path Shiv Mandir to Kadini Head MGREGA MB No.29984 Page - 30					
Item no. & Nomenclature	**Executed Qty.**	**Cement Consumed**	**Cement Purchase**	**Material Balance**	**Rate per bag**
1.	**2.**	**3. (2*4.40)**	**4.**	**5. (4-3)**	**6.**
1. P/L CC 1:3:6	9m3	9x4.4=39.60	72 Bags	32.40 Bags	443
2. Work: Pucca path Dabata to Thara Head MGREGA MB No. 29984 Page -33					
1. P/L CC 1:3:6	9.9m3	9.9x4.40 = 43.56	72 Bags	28.44 Bags	443
3.Work :Pakka Path with Grill work Ashram to Nala Head 15th FC MB No.29884 Page 54-55					
3. P/L CC 1:3:6	8.278m3	8.278x4.40=36.42	58 Bags	21.58 Bags	490
	TOTAL	**119.58 or 120**	**202**	**82.42 0r 82 bags**	**443/490**
Remraks: 1.In Above Sr. No 3 Work Qty as per MB was executed 9.098m3 but due to wrong calculation as in para no.9.4 0.82m3 has been deducted and Consumption of cement has calculated on net quantity.					

(ख) निर्माण कार्यों के दौरान शेष रेत मात्रा 5.83m3 (राशि ₹28752) का सम्भावित दुरूपयोग।

1.Work: Pucca path Banni ram house to Dhani ram House Head MGREGA MB No.29984 Page - 29					
Item no. & Nomenclature	**Executed Qty.**	**Sand Consumed**	**Sand Purchase**	**Material Balance**	**Rate per Cubic mtr**
1.	**2.**	**3. (2*0.47)**	**4.**	**5. (4-3)**	**6.**
1. P/L CC 1:3:6	3.9m3	3.9x0.47= 1.83m3	5.42m3	3.59m3	5200
2.Work :Pakka Path with Grill work Ashram to Nala Head 15th FC MB No.29884 Page 54-55					

3. P/L CC 1:3:6	8.278m3	8.278x0.47=3.89m3	6.13m3	2.24m3	4500
	TOTAL	**5.72m3**	**11.55m3**	**5.83m3**	**5200/4500**
Remraks: In Above Sr. No 2 Work Qty as per MB was executed 9.098m3 but due to wrong calculation as in para no.9.5 0.82m3 has been deducted and Consumption of Sand has calculated on net quantity.					

(ग) निर्माण कार्यों के दौरान शेष बजरी 4m3 (राशि ₹17600) का सम्भावित दुरूपयोग

1.Work: Pakka Path with Grill work Ashram to Nala Head 15th FC MB No.29884 Page 54-55					
Item no. & Nomenclature	**Executed Qty.**	**Agg. Consumed**	**Agg. Purchase**	**Material Balance**	**Rate per Cubic mtr**
1.	**2.**	**3. (2*0.89)**	**4.**	**5. (4-3)**	**6.**
1. P/L CC 1:3:6	8.278m3	8.278x0.89= 7.36m3	11.36m3	4m3	4400
	TOTAL	**7.36m3**	**11.36m3**	**4m3**	**4400**
Remarks: In Above Work No Size of CC shown in MB So Consumption factor 0.89 for Agg. taken on CC 1:3:6 **40mm.**					

(घ) निर्माण कार्यों के दौरान शेष बचे पत्थर 12.71 m3 (राशि ₹26691) का सम्भावित दुरूपयोग।

1.Work:Sadak Nirmaan Suresh House to Banni Panihar Head 15th FC MB No.29884 Page 13-14					
Item no. & Nomenclature	**Executed Qty.**	**Stone Consumed**	**Stone Collection & Purchase**	**Material Balance**	**Rate per Cubic mtr**
1.	**2.**	**3. (2*1.16)**	**4.**	**5. (4-3)**	**6.**
2.Dry Rubble Masonary	46.05m3	46.05x1.16=53.41m	66.12m3	12.71m3	2100
	TOTAL	**53.41m3**	**66.12m3**	**12.71m3**	**2100**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 29-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ वस्तुगत स्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया गया कि, निर्माण कार्यों के दौरान शेष बची सामग्रियों की पंचायत स्तर पर छानबीन उपरान्त कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को सूचित कर दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है चूँकि पंचायत द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा है जिससे क्रय स्टोर/स्टॉक किसे, कब, कितना और किस कार्य विशेष हेतु जारी किया इसका पता नहीं लगाया जा सका इसके अतिरिक्त मापन पुस्तिका में खपत विवरण तैयार न करना, इसे सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित न करवाना न केवल नियमों की स्पष्ट अवहेलना हैं अपितु इससे सामग्री के दुरूपयोग की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

अत: उक्त प्रकरण में शेष बची सामग्री के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण ठोस तथ्यों व अभिलेखों के आधार पर न्यायोचित ठहराते हुए शीघ्र ही अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ प्रेषित करें अन्यथा उक्त सामग्री की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित कर्मचारियों से नियमानुसार करके शीघ्र ही खातों में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये एवं अन्य ऐसे मामलों की विभागीय स्तर पर छानबीन उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

9.4 निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं में गलत गणना व अन्य अनियमितताओं के कारण राशि ₹2967 का अधिक भुगतान बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के **चैप्टर-9 नियम 76** के अनुसार सम्बन्ध पंचायत का सचिव यदि कोई पंचायत निधि से किये गए अति संदाय/अधिक भुगतान, चाहे सदभाव से किया गया है, की तत्पर वसूली करने का जिम्मेदार होगा।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान तकनीकी सहायक द्वारा करवाए गए कार्यों की माप पुस्तिका में निम्नविवरणानुसार (व **परिशिष्ट "8")** गलत गणना व अन्य विविध अनियमितताओं के दृष्टिगत राशि ₹2967 का अधिक भुगतान किया गया।

Work Item No.	Calculation As per MB in cubic mtr.	Calculation as per Audit in cubic mtr.	Difference	Excess qty. & Rate
1.	2.	3.	4. (2-3)	5.
A.Work : Pakka Path with Grill work Ashram to Nala Head 15th FC MB No.29884 Page 54-55				
3.P/L CC 1:3:6	13x1.40x0.075 =2.18	13x1.40x0.075 = 1.36	0.82m3	0.82@432.90
A. Total Amount			Qty.*rate	₹354.97
B. Less Contractor profit 15% (354.97x15/100 i.e 53.24) 354.97-53.24				₹301.73
C. Add Labour Enhancement 368.75% on 301.73 i.e 1112.62				₹1112.62
Total amount Overpaid due to wrong calculation (B+C)				**₹1414.35**
B.Work : Sadak Nirmaan Rehla Mod to Panihar Head 15th FC MB No.29984 Page 58-59				
Work Item & Nomni.	Qty. Executed as per MB But for this CC no corresponding entry of Stone Soiling and Ground Dressing Found/recorded in MB			Qty. & Rate
1.	2.			3.
3.P/L CC 1:3:6	1x10x1.20x0.075 = 0.90			0.90*432.95
A. Total Amount Qty.*rate				₹389.65
B. Less Contractor profit 15% (389x1.65x15/100 i.e 58.44) 389.65-58.44				₹331.21
C. Add Labour Enhancement 368.75% on 331.21 i.e 1221.33				₹1221.33
Total Amount Overpaid (B+C)				**₹1552.54**
	Total Amount Overpaid (A+B)			**₹2966.89**

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 30-05-2024 के प्रत्युत्तर में तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि अधिक व्यय राशि की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में जमा करवा दी जाएगी। अत: उक्त मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर उक्त राशि की वसूली करके शीघ्र खाते में जमा करवा दी जाये एवं इस प्रकार के अन्य मामलों की पंचायत स्तर पर गहनता से जाँच की जानी सुनिश्चित की जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

9.5 बिना सामग्री (बजरी 30.57m3) की उपलब्धता के कार्यों का निष्पादन करना।

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार (व **परिशिष्ट "8")** सीमेंट कंक्रीट कार्य निष्पादित किये गए लेकिन इन कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री घटक बजरी 30.57m3 जोकि कार्यों के निष्पादन में अन्य घटकों यथा सीमेंट व रेत के साथ प्रयुक्त होना जरुरी था एवं यह माप पुस्तिका में भी दर्शाया गया है लेकिन आगे अवलोकन में यह पाया गया कि उक्त बजरी की उक्त मात्रा का न तो किसी आपूर्तिकर्ता से क्रय किया गया हैं और न ही मस्ट्रोल में कार्यरत लेबर द्वारा इसकी कलेक्शन दर्शाई गई है जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है।

<table>
<tr><td colspan="5">1.Work: Pucca path Banni house to Dhani House Head MGREGA MB No.29984 Page - 29</td></tr>
<tr><td>Item No. & Nomenclature</td><td>Executed Qty.</td><td>Agg. Cons.(m3)</td><td>Agg. Purchase & Collected (m3)</td><td>Remrks</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>2.</td><td>3.(2*0.89)</td><td>4.</td><td>5.</td></tr>
<tr><td>1. P/L CC 1:3:6</td><td>3.9m3</td><td>3.47m3</td><td>0.00</td><td>No purchase & Labour Coolection</td></tr>
<tr><td colspan="5">2. Work: Pucca path Shiv Mandir to Kadini Head MGREGA MB No.29984 Page - 30</td></tr>
<tr><td>1. P/L CC 1:3:6</td><td>9m3</td><td>8.01m3</td><td>0.00</td><td>No purchase & Labour Coolection</td></tr>
<tr><td colspan="5">3. Work: Pucca path Dabata to Thara Head MGREGA MB No. 29984 Page -33</td></tr>
<tr><td>1. P/L CC 1:3:6</td><td>9.9m3</td><td>8.81m3</td><td>0.00</td><td>No purchase & Labour Coolection</td></tr>
<tr><td colspan="5">4.Work: Pucca path Tripta house to Jeevan House Head MGREGA MB No. 29984 P-24,25</td></tr>
<tr><td>1. P/L CC 1:3:6</td><td>11.55m3</td><td>10.27m3</td><td>0.00</td><td>No purchase & Labour Coolection</td></tr>
<tr><td colspan="5">Remarks: In above works for CC no size were given in MB So for Consumption of Mix agg. Factor taken as 0.89 as P/L CC 1:3:6 40mm size.</td></tr>
</table>

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 29-08-2024 द्वारा उक्त गम्भीर प्रकरण पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त

कहा कि, मामले की पंचायत स्तर पर जांच उपरान्त कृत कार्रवाई से अंकेक्षण विभाग को सूचित कर दिया जायेगा।

उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि किसी भी कंक्रीट कार्य का निष्पादन बिना बजरी के सम्भव नहीं है। अतः उक्त कार्यों की गुणवता एवं वास्तविकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह मामला उच्चाधिकारियों के समक्ष विशेष तौर पर लाया जाता है। अतः उक्त मामले में अपना पक्ष ठोस तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराते हुए अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र प्रेषित करें अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई (व्यय की प्रतिपूर्ति) अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

9.6 पंचायत की माप पुस्तिकाओं के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-11 के नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ठ अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत के तकनीकी स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि यह उक्त नियमानुसार कनिष्ठ अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं की गई थी इसके अतिरिक्त माप पुस्तिका में तकनीकी सहायक द्वारा संधारित माप पुस्तिकाओं में ओवरराइटिंग, कटिंग की गई थी जिससे कि अभिलेख की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी तथा सामग्री खपत विवरण तैयार नहीं किया गया था जोकि न केवल अनुचित हैं अपितु इसके अभाव में यह ज्ञात करना जटिल हो जाता है कि वास्तव में कितनी सामग्री किसी कार्य विशेष हेतु क्रय की गई कितनी उपभोग की तथा कितनी शेष बची ?

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 29-08-2024 के प्रत्युत्तर में कहा गया कि भविष्य में उक्त अनियमितताओं की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं उक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

9.7 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹6.54 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित भुगतान:-

